# एम.जी.एम. अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI)

महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय (स्वशासी संस्था), इन्दौर (म.प्र.)

दूरभाष : 0731.2528516 • Email: physiotherapymgm@gmail.com


क्रमांक 1247/Est./MAHSI/2019 इंदौर, दिनांक 20.07.2019

## ।। विज्ञप्ति।।

महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय (स्वशासी संस्था), इन्दौर के अधीन एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI) में 'आदर्श सेवा भर्ती नियम 2018' के अन्तर्गत निम्न पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं ।

| क्र. | पद का नाम | पद संख्या | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राध्यापक (फिजियोथेरेपी-न्यूरोलॉजी) | 01 | अनारक्षित |
| 2. | सहायक प्राध्यापक (आक्युपेशनलथेरेपी) | 01 | अनारक्षित |

उपरोक्त विज्ञप्ति हेतु आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप एवं अर्हता/विस्तृत जानकारी शासकीय स्वशासी महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय इन्दौर की वेबसाइट www.mgmmcindore.in पर उपलब्ध है । आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता, महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर के नाम से एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI), केईएच कम्पाउण्ड (पुराना स्कूल ऑफ नर्सिंग भवन), हनुमान मंदिर के पास, म.य. चिकित्सालय परिसर, इन्दौर पर जमा करवाने की अंतिम तिथि 17 अगस्त 2019 सायं 4.00 बजे तक है । (डाक अथवा अन्य कारणों से विलम्ब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा) । आवेदन जिस पद हेतु किया जा रहा है, उस पद का नाम लिफाफे पर स्पष्ट रूप से अंकित करें । साक्षात्कार या अन्य तिथियों की जानकारी संस्था की वेबसाइट के माध्यम से सूचित की जाएगी । समय-समय पर वेबसाइट का अवलोकन करें ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध
चिकित्सालय (स्वशासी संस्था), इन्दौर

Scanned by CamScanner

# एम.जी.एम. अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI)

महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय (स्वशासी संस्था), इन्दौर (म.प्र.)

Ref. 1247 / Acad./MAHSI/2019 Indore, Dated 20-07-2019

## //विज्ञप्ति//

महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर में स्ववित्त पोषित स्वायत्त एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI) के अन्तर्गत आदर्श सेवा भर्ती नियम 2018 अनुसार निम्न पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं –

| क्रमांक | पदों का विवरण | पद संख्या | नियत मासिक वेतन* |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राध्यापक (फिजियोथेरेपी–न्यूरोलॉजी) | 01 (अनारक्षित) | रू. 1,25,000 |
| 2 | सहायक प्राध्यापक (ऑक्युपेशनलथेरेपी) | 01 (अनारक्षित) | रू. 75,000 |

**उक्त पदों हेतु आवश्यक शैक्षणिक एवं अतिरिक्त अर्हताएँ निम्नानुसार है –**

| क्र. | पद का नाम | न्यूनतम आयु सीमा | आवश्यक अर्हताएँ | सेवानिवृत्ति की अधिवार्षिकी आयु |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर (फिजियोथेरेपी न्यूरोलॉजी) | 35 वर्ष | MPT/M.Sc.PT- Neurology<br>Teaching experience of 10 years of which 5 years as an Assoc. Professor.<br>Preference will be given to working experience of professor, physiotherapy (Neurology), field experience in health sector and hands on experience with patients. | 65 वर्ष |
| 2. | असिस्टेंट प्रोफेसर (ऑक्युपेशनलथेरेपी) | 25 वर्ष | MOT/M-Sc. OT.<br>Teaching experience of 3 years as Demonstrator/Tutor.<br>Preference will be given to field experience in health sector and hands on experience with patients. | 65 वर्ष |

***उपरोक्त नियुक्तियाँ 2 वर्षीय परीविक्षा अवधि पर की जाएगी एवं परीविक्षा अवधि में निर्धारित वेतन की 80 प्रतिशत राशि ही देय होगी।**

उपरोक्त विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप एवं आवेदन शुल्क इत्यादि की जानकारी शासकीय स्वशासी महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर की वेबसाइट www.mgmmcindore.in पर उपलब्ध है। आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता, महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर के नाम से MAHSI कार्यालय (पुराना स्कूल ऑफ नर्सिंग भवन), केईएच कम्पाउण्ड, म.य.चिकित्सालय परिसर, इन्दौर 452001 (म.प्र.) के नाम से जमा करवाने की अंतिम तिथि **17 अगस्त 2019** अपराह्न 4.00 बजे तक है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। साक्षात्कार की तिथि पृथक से संस्था की वेबसाइट के माध्यम से सूचित की जावेगी। अतः संबंधित जानकारी हेतु समय–समय पर संस्था की वेबसाइट का अवलोकन करें।

Ramkshi
19.7.19

Scanned by CamScanner

**नोटः** सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. शासन के पत्र क्र. सी.3–8/2016/3– एक भोपाल दिनांक 12 मई 2017 के अनुसार निम्न संवर्गों के अन्तर्गत आने वाले अभ्यर्थी की अधिकतम आयु सीमा निम्नानुसार होगी –
– अनारक्षित पुरुष वर्ग के लिए 40 वर्ष
– अनारक्षित महिला वर्ग के लिए 45 वर्ष
– आरक्षित वर्ग हेतु अपिव/अजा/अजजा हेतु 45 वर्ष
– पुरुष/महिला आवेदक (शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक) 45 वर्ष

2. पदों पर आरक्षण राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार है।
3. आरक्षण का लाभ जाति प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जाएगा।
4. चिकित्सक को उसके पद के अनुरूप कर्त्तव्यों तथा समय–समय पर सौंपे गए प्रशासकीय दायित्वों का निर्वहन करना होगा।
5. आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में वांछित दस्तावेज संलग्न न करने पर अपूर्ण आवेदन पत्र को अमान्य किया जायेगा तथा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं होगा।
6. आवेदक पूर्व से जिस संस्था में कार्यरत है उस संस्था का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा चयनित होने की स्थिति में त्याग पत्र स्वीकृति प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

निर्हताऐं –

i) विकृत चित्त वाला होने पर।

ii) दुष्चरित्र होने पर।

iii) शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्त्तव्यबोध एवं दायित्वों को पूरा नहीं कर सकता हो।

iv) नियुक्ति के लिए प्रयास/अनुशंसा – किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास/अनुशंसा उसके लिए अनर्हकारी माना जाएगा।

v) विवाह संबंधी – जिस उम्मीदवार ने न्यूनतम निर्धारित आयु (पुरुष वर्ग के लिए 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिए 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे इन पदों पर चयन हेतु अयोग्य माना जाएगा। कोई भी ऐसे महिला/पुरुष उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरुष/महिला से विवाह किया हो, जिसकी पहले से जीवित पत्नी/पति हो, ऐसे महिला/पुरुष नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे।

vi) जिस आवेदक की दो से अधिक संतान हो एवं जिसमें से तीसरी संतान का जन्म दिनांक 26–01–2001 को या उसके पश्चात हुआ हो नियुक्ति के लिए पात्र नही होंगे।

vii) कूटरचित/फर्जी दस्तावेज एवं चयन के स्तर पर जानकारी छिपाये जाने/अभिलेख फेरबदल कर प्रस्तुत करने पर।

viii) कदाचरण संबंधी – किसी भी ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त नहीं किया जावेगा, यदि उसने शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिए परिणामस्परूप पदच्युत कर दिया गया हो, यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोषी ठहराया गया हो।

ix) ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का अपराधिक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के अपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो।

7. आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता, महात्मा गॉधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर के नाम से MAHSI कार्यालय (पुराना स्कूल ऑफ नर्सिंग भवन), केईएच कम्पाउण्ड, म.य. चिकित्सालय परिसर, इन्दौर 452001 (म.प्र.) के नाम से बंद लिफाफे में पदनाम अंकित कर जमा करवाने की अंतिम

19.7.19

Scanned by CamScanner

तिथि **17 अगस्त 2019** अपराह्न 4.00 बजे तक है। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

8. समस्त वैधानिक एवं न्यायिक परिवाद हेतु इन्दौर परिक्षेत्र लागू होंगे।
9. मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता, महात्मा गॉधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
10. उक्त विज्ञप्ति के पदों के संबंध में संस्थान के निम्न अधिकार रहेंगे–

अ) साक्षात्कार एवं चयन प्रकिया में आवश्यकतानुसार लिखित परीक्षा आयोजित करवाना अथवा नहीं करवाना।

ब) स्वनिर्णयानुसार आवश्यकता पडने पर पुनः परीक्षा या पुनः साक्षात्कार आयोजित किया जा सकता है।

स) विज्ञप्त पद पर नियुक्ति प्रदान करने अथवा नहीं करने संबंधी निर्णय।

द) साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करने संबंधी निर्णय, निर्धारित अर्हताओं की पूर्ति करने पर साक्षात्कार हेतु दावा नहीं किया जा सकता।

इ) किसी भी स्थिति में शुल्क वापसी संबंधी कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

ई) आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के उपरांत किसी प्रकार के अतिरिक्त दस्तावेज सम्मिलित नहीं किये जायेंगे और ना ही प्रस्तुत आवेदन में कोई परिवर्तन की अनुमति होगी।

फ) पक्ष पुष्टि के लिए किसी प्रकार की उपार्थना (Canvasing) पाये जाने पर पद पर दावेदारी एवं आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

11. उक्त विज्ञप्ति के अधीन नियुक्त व्यक्ति पर समय–समय पर संस्था द्वारा लागू किये जाने वाले नियम लागू होंगे।

**महत्वपूर्ण टीपः** यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वह अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हतायें और शर्तों को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जॉच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तें पूरा करने पर ही आवेदन पत्र जमा करवायें। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदन के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जाएगी। आवेदक के विरूद्ध पुलिस प्रकरण अथवा किसी भी प्रकार की जॉच न हो, जिसके कारण आवेदक की नियुक्ति प्रभावित होती हो। इस आशय से संबंधित घोषणा पत्र – जो कि आवेदन के प्रारूप में दिया गया है – हस्ताक्षर कर जमा करवाना अनिवार्य है। यह शर्तें भी उसमें समाहित रहेगी।

Rambhi
19.7.19

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता,
शासकीय स्वशासी महात्मा गॉधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय,
इन्दौर

Scanned by CamScanner

# आवेदन का प्रारूप

प्रोफेसर (फिजियोथेरेपी–न्यूरोलॉजी)/असिस्टेंट प्रोफेसर (ऑक्युपेशनलथेरेपी) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र।

स्वप्रमाणित फोटो

नोट : सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जाये।

पद का नाम : ..........................................................................................

आवेदन शुल्क रुपये 1,000 संस्था के नाम Demand Draft/RTGS/NEFT द्वारा ही स्वीकार होगा (किसी भी परिस्थिति मे चेक द्वारा आवेदन शुल्क मान्य नही होगा)। शुल्क का भुगतान संस्था के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, म.य.चिकित्सालय परिसर शाखा, इन्दौर के बैंक खाता क्रमांक **53003590208** IFSC Code sbin0030359 में RTGS/NEFT द्वारा अथवा School of Physiotherapy के नाम से डीडी बनाकर आवेदन के साथ जमा करवाना होगा।

1. आवेदक का नाम : ..........................................................................................

2. पुरूष / महिला..........................................................................................

3. पिता/पति का नाम (उपनाम सहित) - ..........................................................................................

4. वर्तमान निवास स्थान का पता (पिनकोड सहित) - ..........................................................................................

..........................................................................................

शहर का नाम .......................................... फोन नं. ..........................................

मेबाइल नं. .......................................... ईमेल आई.डी. ..........................................

5. स्थायी पता : ..........................................................................................

..........................................................................................

शहर का नाम .......................................... फोन नं. ..........................................

मेबाइल नं. ..........................................

6. आधार कार्ड नम्बर : ..........................................................................................

7. जन्मतिथि (हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची संलग्न करे): 01–07–2019 को आयु :– वर्ष.........माह............ दिवस...............

8. म.प्र. सह–चिकित्सीय परिषद, भोपाल का रजिस्ट्रेशन क्रमांक ..........................................(उपलब्ध हो तो)

9. शैक्षणिक योग्यताऍं – प्रमाण पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें। पद के अनुसार योग्यता अंकित करें।

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/ वि.वि. | वर्ष | विषय | प्राप्तांक/ पूर्णांक | स्नातक/स्नातकोत्तर कुल प्रतिशत | प्रयास (Attempt) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | |

प्रत्येक वर्ष का पृथक–पृथक भरें।

नोट : प्रत्येक परीक्षा के प्रयास (Attempt) प्रमाण पत्र अधिष्ठाता/प्राचार्य/निदेशक द्वारा प्रदत्त हो संलग्न करें।

Scanned by CamScanner

10. अनुभव –

| क्रमांक | पदनाम | पद पर कार्यभार ग्रहण करने का दिनांक | | अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| | | दिनांक से | दिनांक तक | |
| | | | | |
| | | | | |

11. सलग्न प्रमाण पत्रो की सूची (स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न करे)।

1. जन्मतिथि के लिये कक्षा 10वी की अंकसूची/प्रमाण पत्र।
2. कक्षा 12वी (10+2 हायर सेकण्डरी) की अंक सूची/प्रमाण पत्र
3. स्नातक उपाधि एवं अंकसूचियॉ
4. स्नातकोत्तर उपाधि एवं अंकसूचियॉ
5. म.प्र. सह–चिकित्सीय परिषद, भोपाल का रजिस्ट्रेशन क्रमांक .................................................. (उपलब्ध हो तो)
6. आरक्षित वर्ग के लिए जाति प्रमाण-पत्र जिला अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी किया गया।
7. नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो तो)
8. किसी भी संस्था में सेवारत आवेदको को उनके पूर्व नियोक्ता द्वारा जारी अन्नापति प्रमाण पत्र।
9. आवश्यक आवेदन शुल्क रु. 1000 की DD/RTGS/NEFT रसीद बैंक खाते में जमा किये गये की मूल रसीद।
10. अन्य सम्बधित दस्तावेज ..............................................................................................

आवेदन का बंद लिफाफा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता, महात्मा गॉधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर के नाम से MAHSI कार्यालय, केईएच कम्पाउण्ड (पुराना स्कूल ऑफ नर्सिंग भवन), म.य.चिकित्सालय, परिसर, इन्दौर 452001 (म.प्र.) के नाम से बंद लिफाफे में पदनाम अंकित कर भेजें।

लिफाफे पर आवेदित पद का नाम एवं आवेदक का नाम आवश्यक रूप से अंकित करें।

नोट : संबंधित पद की अर्हतायें आवेदक द्वारा सुनिश्चित कर आवेदन पत्र की पूर्ति कर ही आवेदन करें।

स्थान : ..........................................

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

दिनांक : ..........................................

घोषणा–पत्र

1. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
2. मेरे विरुद्ध पुलिस प्रकरण मे एफ.आर.आई. दर्ज नहीं है और मेरे विरूद्ध कोई जॉच प्रचलन में नहीं है।
3. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध में किसी न्यायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय में विचाराधीन है।
4. एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेस इस्टीटयूट (MAHSI) इन्दौर हेतु निर्धारित शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक एवं प्रशासकीय निर्धारित आदर्श सेवा नियम 2018 मुझ पर पूर्ण रूपेण बंधनकारी होंगे।

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

Scanned by CamScanner